भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1994

दिनांक 02 अगस्त, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

एम्स मदुरै

1994. श्री सचिदानन्दम आर.:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या तमिलनाडु में मदुरै स्थित एम्स निजी और किराए के भवन में कार्य कर रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या अनेक छात्र समुचित अवसंरचनात्मक सुविधाओं/प्रयोगशाला सुविधाओं और छात्रावास सुविधाओं के अभाव में कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) छात्रावास सुविधाओं सहित एम्स द्वारा अपने भवन में कब तक कार्य आरंभ करने की संभावना है;

(घ) एम्स, मदुरै के लिए अब तक निर्धारित/जारी और व्यय की गई कुल धनराशि कितनी है; और

(ङ) आज की तिथि के अनुसार, एम्स, मदुरै में कुल कितने छात्र पढ़ रहे हैं?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (ङ): वर्तमान में, एम्स मदुरै, मेडिकल कॉलेज, सरकारी मेडिकल कॉलेज, रामनाथपुरम के अस्थायी परिसर से काम कर रहा है और परियोजना कक्ष दफ्तर सरकारी टीबी अस्पताल, थोप्पुर के अस्थायी परिसर से काम कर रहा है। तमिलनाडु सरकार ने दोनों स्थानों को बिना किराए के उपलब्ध कराया है। अस्थायी परिसर में छात्रों को पर्याप्त बुनियादी ढाँचा, प्रयोगशाला सुविधाएँ और गीजर, रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन, खेल उपकरण के साथ छात्रावास प्रदान किए गए हैं। एम्स मदुरै के पूरा होने

की लक्षित तिथि अक्टूबर, 2026 है। एम्स मदुरै की परियोजना लागत 2021.51 करोड़ रुपये है, जिसमें से 157.00 करोड़ रुपये अब तक जारी किए जा चुके हैं।

पिछले 3 वर्षों के दौरान एम्स मदुरै को जारी अनुदान सहायता का विवरण इस प्रकार है:

(करोड़ रुपये में)

वर्ष	जारी राशि
2021-22	22.10
2022-23	14.71
2023-24	27.50

आज की तारीख के अनुसार एम्स मदुरै में 147 छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं

*****